गुजरात में गोदामों की भंडारण क्षमता

2168. **श्री रामसिंह राठवा** : क्या खाद्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि गुजरात में अस्थाई गोदामों और भंडारों की भंडारण क्षमता को बढ़ाया नहीं गया है ;

(ख) यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं ;

(ग) अपर्याप्त भंडारण-क्षमता के कारण कितना खाद्यान्न क्षतिग्रस्त हुआ है; और

(घ) प्राकृतिक आपदाओं के कारण क्षतिग्रस्त हुए खाद्यान्नों को सरकार किस तरह काम में लाती है ?

खाद्य मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री कल्पनाथ राय) : (क) और (ख) जी, नहीं। भारतीय खाद्य निगम के पास गुजरात में उपलब्ध कवर और प्लिथ (कैप) गोदामों की क्षमता आयातित खाद्यान्नों के स्टाक में वृद्धि होने के कारण 31-3-1992 को उपलब्ध 0.29 लाख मीटरी टन की क्षमता से बढ़कर 31-12-1992 को 1.09 लाख मीटरी टन हो गई है ।

(ग) गुजरात में पिछले तीन वर्षों के दौरान कैप भंण्डारण में क्षतिग्रस्त हुए खाद्यान्नों की मात्रा नीचे दी गई है :—

वर्ष	मात्रा (मी० टन में)
1990-91	24.4
1991-92	57.9
1992-93 (जनवरी, 1993 तक)	39.5

(घ) क्षतिग्रस्त तथा मानव उपभोग के लिए अनुपयुक्त हुए खाद्यान्नों का ढेर में पाए गए ठोस खाद्यान्नों की प्रतिशतता पर निर्भर करते हुए निम्नानुसार 5 श्रेणियों में श्रेणीकरण किया जाता है और तदनुसार इनका निपटान किया जाता है :—

ठोस/मामूली क्षतिग्रस्त/ लगे हुए खाद्यान्नों की प्रतिशतता (टोटा और बर्तनों सहित)	श्रेणी जिस के लिए स्टाक उपयुक्त घोषित किया जा सकता है ।
70% और उससे अधिक (85% तक)	पशु चारे के लिए
55% से 70%	मुर्गी दाने के लिए
30% से 55%	आद्यौगिक इस्तेमाल के लिए
10% से 30%	खाद के लिए
10% से कम	फैंकने के लिए

श्रेणीकृत ढेरों को राज्य/केन्द्रीय सरकारों और उनके पशुपालन विभागों आदि जैसे संगठनों को पेश किया जाता है और यदि उनसे कोई पेशकश प्राप्त नहीं होती है तो उस दशा में इन ढेरों के लिए टेंडर आमंत्रित किए जाते हैं और उन्हें सीमित टैंडर इन्क्वायरी की प्रणाली के अधीन ऐसे क्षतिग्रस्त खाद्यान्नों के स्टाक का व्यापार करने वाली पंजीकृत फर्मों को बेच दिया जाता है ।

Increae in sugar output

2169. SHRI S. S. AHLUWALIA: Will the Minister of FOOD be pleased to state:

(a) whether it is a fact that sugar output in the country has declined in the recent sugar season;

(b) if so, what are the details thereof; and

(c) what action Government propose to take to increase the sugar output in the country?

THE MINISTER OF STATE OF THE MINISTRY OF FOOD (SHRI KALP NATH RAI): (a) and (b) The total production of sugar during the